# Empowering Women and Protecting the Environment: Plastic Waste Management Initiative in Baloda Bazar District

**Vision:** Making plastic waste free District.

**Mission:** To prevent pollution in the district, through plastic collection centres, manage plastic waste as alternative fuel resources (FR) and clean surroundings, and increase the income of the working women's groups. This will create a distinct identity for the district.

**Objective:** The main objective is to make the district free from plastic waste and also provide additional income to the women's group.

Under the above-mentioned programme, the work was initiated in the district of Baloda Bazar for which, first of all, surveys were conducted in the plastic collection centres to find out the quantity of plastic waste collected daily from the city and their management status. The women working in the collection were doing excellent job. They collected plastic waste from each house in the city, separated usable plastics at the centre and then collected the sorted plastic waste and safely disposed of the unusable plastic waste by burning it at a designated place outside the city.


The Grihini Organisation took the initiative to prevent air and soil pollution caused by these unusable plastic waste and to generate additional income for the women's groups. With the co-operation of the department of Urban Development, the plastic waste was agreed to be bought as fuel resources (FR) for the newly established cement plant in the district. The management of this plant agreed to purchase the plastic waste at the rate of Rs. 2 per kg, out of which Rs. 1 per kg was to be given to the women working on it, thus promoting the organisation's goals and addressing environmental concerns.

On 4$^{th}$ May 2023, the newly appointed district collector of Baloda Bazar District officially launched the project with a contract order of 50 tons of plastic waste collection at Rs. 2 per kg and a price of 50 paise per ton. This initiative not only promoted cleanliness in the city but also empowered women, fulfilling the organisation's objective and gaining appreciation.

# Grihini Plastic Waste Collection

**(Financial report for the year 2023-2024)**

| S. No. | Manikanchan Kendra | Quantity in kg | Total Amount | Transportation cost | Amount given to Manikanchan Kendra | Administrative Expenses |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Bhaisa Pasra Baloda Bazar | 9550 | 27375 | 15200 | 9550 | -875 |
| 2. | Gas Godam Baloda Bazar | 8420 | 21050 | 11900 | 8420 | 730 |
| 3. | Dussehra Maidan Baloda Bazar | 8720 | 21800 | 9000 | 8720 | 4080 |
| 4. | Palari | 15170 | 37925 | 17200 | 15170 | 5555 |
| 5. | Rawan Bhatha Bhatapara | 1810 | 4525 | 3800 | 1810 | -1085 |
| | **Total:** | **43670** | **112675** | **57100** | **43670** | **8405** |



# Glimpse of the Initiative










# **Press Release**

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एसडीएम के नेतृत्व में शपथ ली गई



भाटापारा। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्लास्टिक मुक्त शहर बनाये रखने का संदेश देते हुये सोमवार को नगर पालिका एवं गृहणी स्वयंसेवी संस्था के समन्वय से सेग्रीगेट पॉलीथिन को गाड़ी में भरवाकर मुख्य अतिथियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर सीमेंट प्लांट के लिये रवाना किया गया एवं स्वच्छता दीदीयों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का शपथ लेते हुये आम नागरिकों से नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। इस पर्यावरण दिवस एवं वृहद स्वच्छता अभियान में एसडीएम नरेंद्र कुमार बंजारा, सीएमओ लाल बहादुर सिंह, अजय नायडू, पूर्णेन्दु त्रिवेदी, सुमित दुबे, गृहणी स्वयंसेवी संस्था के अध्यक्ष श्रीमती रूपा श्रीवास्तव, सदस्य सुरेंद्र वर्मा, मीरा साहू, विकास वैष्णव, संतोष केसरवानी, भीष्म साहू, प्रीति ध्रुव, सौरभ ठाकुर व केशव वैष्णव सहित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## प्लास्टिक वेस्ट संग्रहण से महिलाओं की होगी आय, सीमेंट संयंत्र से अनुबंध

बलौदाबाजार| कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले को विकास के साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक नई पहल की है। इस कड़ी में न्यू विस्टा सीमेंट संयंत्र और स्वयं सेवी संस्था गृहिणी के साथ प्लास्टिक वेस्ट खरीदने को लेकर एक अनुबंध हुआ है। इस अनुबंध के तहत प्लास्टिक वेस्ट संग्रहण से एक तरफ समूह की महिलाओं को आय प्राप्त होगी, वहीं शहर हानिकारक प्लास्टिक वेस्ट से मुक्त होगा और स्वच्छता भी बढ़ेगी। कलेक्टर ने गुरुवार को प्लास्टिक वेस्ट से भरी वाहन को हरी.झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर ने स्वयं सेवी संस्था गृहिणी अंतर्गत प्लास्टिक वेस्ट संग्रहण का कार्य करने वाली मणिकांचन केंद्र की स्व सहायता समूह की महिलाओं के कार्य की सराहना करते हुए शहर को स्वच्छ बनाने के कार्य को सतत रूप से जारी रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। संस्था की संचालिका रूपा श्रीवास्तव ने बताया कि अनुबंध के तहत समूह की महिलाओं द्वारा संग्रहित प्लास्टिक वेस्ट को कंपनी ढाई रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर खरीदेगी, कंपनी के द्वारा संस्था को डिलीवरी ऑर्डर मिला है। इस दौरान न्यू विस्टा सीमेंट सयंत्र के क्लस्टर हेड राजू रामचंद्रन, धनंजय सिंह, नगर पालिका अधिकारी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने प्लास्टिक वेस्ट से भरी वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना।

**नवभारत** छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Baloda Bazar - 05 May 2023 - 05balb 1
epaper.navabharat.news



## प्लास्टिक कचरे का ईंधन के रूप में उपयोग करेगा न्यूवोको सीमेंट प्लांट

नवभारत ब्यूरो। बलौदा बाजार। जिले को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने की दिशा में न्यूवोको सीमेंट संयंत्र रिसदा ने अपने सीएसआर विभाग के माध्यम से क्षेत्र में कार्यरत गृहिणी स्वयं सेवी संस्था के साथ मिलकर गुरूवार को अभियान की शुरुआत किया। प्लास्टिक कचरा खरीदने हेतु न्यूवोको सीमेंट रिसदा द्वारा जारी पहले कार्यादेश को कलेक्टर चंदन कुमार ने गृहिणी संस्था को सुपूर्द किया साथ ही उन्होंने संयंत्र के क्लस्टर हेड राजू रामचंदन के साथ प्लास्टिक कचरे के पहली खेप को हरी झंडी दिखाकर न्यूवोको सीमेंट संयंत्र रिसदा की ओर रवाना किया। इस अवसर पर संयंत्र की ओर से लाईजन हेड धनजय सिंह, एचआर हेड शैलेन्द्र सिंह, सीएसआर क्लस्टर हेड चन्द्रशेखर उपाध्याय, नगर पालिका सीएमओ यमन देवांगन, गृहिणी की संचालिका रुपा श्रीवास्तव, समन्वयक रेखा शर्मा, मणिकंचन केन्द्र की सुपरवाइजर उपस्थित थीं।

इसके पूर्व राजू रामचंदन ने कलेक्टर को अभियान के बारे में बताया कि न्यूवोको सीमेंट संयंत्र रिसदा अपने सीएसआर विभाग के माध्यम से क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त करने हेतु अपने प्रोटेक्ट अवर प्लानेट थीम के तहत प्रदूषण के मुख्य श्रोत प्लास्टिक कचरे के समुचित प्रबंधन की दिशा में कार्य करने की योजना बनायी है। जिसके तहत गृहिणी संस्था समस्त प्लास्टिक कचरे को मणिकंचन केन्द्र तथा अन्य माध्यमों से एकत्र करेगी तथा उसे न्यूवोको सीमेंट संयंत्र रिसदा खरीद कर अपने एएफआर परियोजना में वैकल्पिक ईंधन के रूप में उपयोग करेगी, जिससे कोयले का उपयोग कम होगा। चन्द्रशेखर उपाध्याय ने आगे बताया कि इस अभियान से बहूआयामी फायदे होंगे, जैसे प्लास्टिक कचरे साफ होगा, इस कार्य से जुड़े लोगों को आमदनी होगी तथा प्रदूषण से मुक्ति होगी।कलेक्टर ने न्यूवोको सीमेंट संयंत्र रिसदा तथा गृहिणी से इस संयुक्त पहल की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दिया।